<u>प्रेस नोट</u>

<u>थाना नवाबाद, झांसी</u>

<u>दिनांक- 10.05.2026</u>

- **झाँसी पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही,**
- **थाना नवाबाद पुलिस व आयकर विभाग की संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग के दौरान करीब 75 लाख रू0 व मोबाइल फोन व अन्य दस्तावेज बरामद,**

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के मार्गदर्शन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में दिनांक 09.05.2026 को थाना नवाबाद पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर रात्रि समय करीब 22.30 बजे संदिग्ध व्यक्ति आकाश चतुर्वेदी पुत्र महेन्द्र चतुर्वेदी निवासी ग्राम चिपलोठा थाना बरूआसागर जिला झाँसी हाल पता नगरिया कालोनी कम्बल मील के पास गीता वर्मा के मकान मे किराये से थाना नवाबाद जिला झाँसी की तलाशी से तीन अदद मोबाइल फोन एक सैमसंग कम्पनी का S24 अल्ट्रा रंग काला और एक फोन वन प्लस कम्पनी का 12R रंग आसमानी व एक अदद मोबाइल फोन वन प्लस कम्पनी का नोर्ड CE2 lite रंग आसमानी का एवं उक्त संदिग्ध व्यक्ति की स्कूटी Honda Activa रंग गहरा नीला जिसका नं0 UP93CK6747 है पर एक काले रंग का पिट्ठू बैग जिसपर अंग्रेजी में adidas लिखा है जिसमें 500 रू0 के नोट के 04 बण्डल जिनमें प्रत्येक में 500 नोट कुल 2000 नोट 10,00,000 रूपये, 200 रू0 के नोट के 04 बण्डल जिनमें प्रत्येक बण्डल में 500 नोट कुल 2000 नोट 4,00,000 रूपये, 100 रू0 के नोट के 02 बण्डल जिनमें प्रत्येक बण्डल में 500 नोट कुल 1000 नोट 1,00,000 रूपये व 1 बण्डल में 500 रू0 के 14 नोट 7000 रू0, 200 रू0 के 107 नोट 21400 रूपये, 100 रू0 के 145 नोट 14500 रूपये, 50 रू0 के 83 नोट 4150 रूपये, 10 रू0 का 1 नोट 10 रूपये कुल 47060 रूपये बरामद हुये जिनका कुल योग 15,47,060/- रूपये है एवं दूसरे हरे रंग के सफेद धारीदार थैले में 500 रू0 के 24 बण्डल जिनमें प्रत्येक बण्डल में 500 नोट कुल 12000 नोट 60,00,000 रूपये व 07 अदद चेक बुक अलग अलग बैंक की व 05 अदद ATM कार्ड भिन्न भिन्न बैंक के बरामद हुये। **बरामद नकदी का कुल योग 75,47,060/- रूपये है**। बरामद रूपयो के सम्बन्ध में आकाश उपरोक्त से पूछताछ की गई तो आकाश उपरोक्त द्वारा कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया जा सका।

आकाश चतुर्वेदी उपरोक्त से कब्जा पुलिस लिये गये समस्त रूपयें, चेक बुक व atm का विवरण तैयार कर इनकम टैक्स विभाग जनपद झाँसी को जाँच हेतु नियमानुसार रिपोर्ट प्रेषित की गई जिसके क्रम में इनकम टैक्स विभाग के अधिकारीगण द्वारा आकाश चतुर्वेदी उपरोक्त को व तलाशी से बरामद किये गये समस्त चेक बुक, ATM व मोबाइल फोन को अपनी सुपुर्दगी में लेकर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

बरामदगी का विवरण –

- तीन मोबाइल फोन एक सैमसंग कम्पनी का S24 अल्ट्रा रंग काला और एक फोन वन प्लस कम्पनी का 12R रंग आसमानी व एक मोबाइल फोन वन प्लस कम्पनी का नोर्ड CE2 lite रंग आसमानी का।
- स्कूटी Honda Activa रंग गहरा नीला नं0 UP93CK6747
- एक काले रंग का पिट्ठू बैग जिसपर अंग्रेजी में adidas लिखा है जिसमें से कुल योग 15,47,060/- रूपये व एक हरे रंग का सफेद धारीदार थैले में 500 रू0 के 24 बण्डल जिनमें प्रत्येक बण्डल में 500 नोट कुल 12000 नोट 60,00,000 रूपये। **दोनो थैलो में कुल 75,47,060/- रूपये है।**
- विभिन्न बैंकों के 07 चेक बुक
- विभिन्न बैंकों के 05 एटीम कार्ड

नाम पता संदिग्ध व्यक्ति –

1.आकाश चतुर्वेदी पुत्र महेन्द्र चतुर्वेदी निवासी ग्राम चिपलोठा थाना बरूआसागर जिला झाँसी हाल पता नगरिया कालोनी कम्बल मील के पास गीता वर्मा के मकान मे किराये से थाना नवाबाद जिला झाँसी

कार्यवाही करने वाली टीम का विवरण –

पुलिस टीम –

1. प्र0नि0 श्री रवि श्रीवास्तव थाना नवाबाद जनपद झाँसी
2. उ0नि0 श्री दीपक तोमर चौकी प्रभारी मण्डी थाना नवाबाद जनपद झाँसी
3. उ0नि0 श्री मोहित यादव थाना नवाबाद जनपद झाँसी
4. हे0का0 143 नन्द कुमार थाना नवाबाद जनपद झाँसी
5. का0 354 पुष्पेन्द्र सिंह थाना नवाबाद जनपद झाँसी

आयकर विभाग टीम –

1.श्री वीरेश कुमार (आयकर निरीक्षक जनपद झाँसी)

2.श्री दिनेश कुमार (कार्यालय अधीक्षक आयकर विभाग जनपद झाँसी)